# रीट परीक्षा-2021 में फर्जीवाड़ा करने का इनामी आरोपी मोटाराम गिरफ्तार

## सिद्धपुर, गुजरात में होटलों पर तथा रिश्तेदारी में छुपकर फरारी काट रहा था आरोपी

**बालोतरा,** (निसं)। पुलिस थाना बालोतरा ने 25 हजार रूपए के इनामी अपराधी मोटाराम को गिरफ्तार किया है। आरोपी मोटाराम जिला बालोतरा की टॉप-10 सूची में शामिल था तथा रीट परीक्षा 2021 में फर्जीवाड़े सहित कई प्रकरण में तीन वर्ष से फरार था।

एसपी बालोतरा कुंदन कंवरिया ने बताया कि जिले में वांछित व इनामी अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जारी दिशा-निर्देशानुसार गोपालसिंह भाटी आरपीएस, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बालोतरा एवं अनिल पुरोहित, आरपीएस, वृताधिकारी बालोतरा के सुपरविजन में ओमप्रकाश बिश्नोई थानाधिकारी बालोतरा के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा प्रतियोगिता परीक्षा रीट परीक्षा, 2021 में असल अभ्यर्थी की जगह डमी/फर्जी अभ्यर्थी बैठाकर परीक्षा उत्तीर्ण करवाने आदि प्रकरण में तीन वर्ष से फरार 25 हजार रूपये के



बालोतरा पुलिस ने आरोपी मोटाराम को गिरफ्तार किया।

इनामी अपराधी मोटाराम को गिरफ्तार किया। रीट भर्ती परीक्षा में फर्जीवाड़ा करने वालों में मोटाराम भी शामिल था। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए प्रकरण में शेष 16 आरोपियों को गिरफ्तार कर बाद अन्वेषण न्यायिक अभिरक्षा में मिजवाये गये।

शेष फरार आरोपियों के विरुद्ध

- **दीपावली पर्व पर अपने घर पर आने की सूचना पर पुलिस टीम ने दबीश देकर रहवासीय घर के खेत में फसल कटाई के दौरान आरोपी को पकड़ा**

25-25 हजार रूपये का इनाम घोषित किया गया था। वांछित आरोपियों की दस्तयाबी बाबत् विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित पुलिस टीम द्वारा आसूचना संकलन एवं तकनीकी सहायता से अथक प्रयास करते हुए प्रकरण में वांछित इनामी अपराधी मोटाराम पुत्र बाबूलाल विश्नोई निवासी राजीव नगर पुलिस थाना सांचौर जिला सांचौर को गिरफ्तार किया। आरोपी मोटाराम प्रकरण दर्ज होने के बाद पुलिस के भय से छुप रहा था। सिद्धपुर, गुजरात में खाने की होटलों पर तथा अपने रिश्तेदारी में अलग-अलग जगह पर छुपकर फरारी काट रहा था, जो दीपावली पर्व पर अपने घर पर आने की सूचना पर पुलिस टीम द्वारा दबीश देकर उसके रहवासीय घर के पास खेत में फसल कटाई के दौरान दस्तयाब किया गया।

प्रकरण में अब तक कुल 19 मुलजिम गिरफ्तार किए जा चुके हैं। वहीं रीट परीक्षा 2021 अनुचित तरीके से उत्तीर्ण करने के लिए अपने स्थान पर डमी अभ्यर्थी हापूराम को बैठाने के लिए हापुराम व मोटाराम का मिश्रित फोटो स्कैन करके कूटरचना करने के लिए षडयंत्रकारी रमेश को अपने फोटो व शैक्षणिक दस्तावेज देकर रीट परीक्षा का कूटरचित आवेदन किया था। उक्त डमी अभ्यर्थी हापुराम व षडयंत्रकारी रमेश को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है।

# बिना पोस्टमार्टम के ही कोचिंग छात्र का शव ले गए परिजन

## छात्र की मौत साइलेंट हार्ट अटैक से बताई जा रही है

**कोटा,** (निसं)। कोटा में इंजीनियरिंग एंट्रेंस एग्जाम की तैयारी कर रहे छात्र की मौत साइलेंट हार्ट अटैक से बताई जा रही है जबकि विशेषज्ञों का मानना है कि इसमें हार्ट अटैक के सिम्टम्स नजर नहीं आए हैं। हार्ट के अन्य कारण की वजह से भी मौत हो सकती है। छात्र अपनी मां के साथ तलवंडी इलाके में रहता था।

पुलिस उप अधीक्षक प्रथम योगेश शर्मा ने बताया कि 18 वर्षीय छात्र अथर्व रंजन अपनी मां के साथ तलवंडी इलाके में एक पीजी में रहता था। वह निजी कोचिंग संस्थान में इंजीनियरिंग एंट्रेंस एग्जाम की तैयारी पिछले डेढ़ साल से कर रहा था। मां उसे जगाने गई तो उसके मुंह से झाग निकल रहे थे। आनन-फानन में महिला बेटे को निजी अस्पताल लेकर पहुंची जहां पर उपचार के दौरान छात्र ने दम तोड़ दिया। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। इसके बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर मोर्चरी में शिफ्ट किया।

हैड कॉन्स्टेबल राजूलाल ने बताया कि सोमवार सुबह मृतक के चाचा आयुष रंजन जयपुर से कोटा आए। परिजनों ने पोस्टमॉर्टम करवाने से लिखित में इनकार कर दिया और दाह

- **विशेषज्ञों का मानना है कि इसमें हार्ट अटैक के सिम्टम्स नजर नहीं आए हैं, हार्ट के अन्य कारण की वजह से भी मौत हो सकती है**
- **'स्टूडेंट को सिर दर्द की शिकायत थी, जिसका इलाज चल रहा था'**

संस्कार के लिए शव को पटना ले गए। स्टूडेंट को सिर दर्द की शिकायत थी जिसका इलाज चल रहा था। बताया जा रहा है कि अथर्व रविवार को नाश्ते के बाद सिर दर्द की दवाई लेकर सोया था। कोटा मेडिकल कॉलेज के कॉर्डियोलॉजी विभाग में सहायक आचार्य डॉ. हंसराज ने बताया कि मौत का कारण तो पोस्टमॉर्टम होने पर ही सामने आयेगा। मुंह से झाग निकलने के 3 कारण हो सकते हैं। पहला उसे कोई दौरा (सीजर) आया हो और दिमाग़ की कोई दवा चल रही हो। सीजर के दौरान रेसप्रेट कर गया हो। दूसरा उसे धड़कन की प्रॉब्लम हुई हो। तीसरा सस्पेक्टेड पॉइजन का मैटर हो। डॉ. हंसराज ने बताया कि इस केस में साइलेंट हार्ट अटैक के सिम्टम्स नजर नहीं आ रहे हैं। धड़कन की प्रॉब्लम की वजह से भी ऐसा हो सकता है। उन्होंने कहा कि इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता की पिछले एक-दो सालों में पहले के मुकाबले 45 साल से कम उम्र के लोगों की मौत साइलेंट हार्ट अटैक से हो रही है। इस दौरान ये आंकड़ा करीब 15 से 20 प्रतिशत बढ़ गया है।

आईसीएमआर की ताजा स्टडी रिपोर्ट बताती है कि भारत में 4 करोड़ मरीज दिल की बीमारी के हैं। हर साल 7 लाख लोगों की हार्ट अटैक से मौत हो जाती है। राजस्थान में यह आंकड़ा सालाना 50 हजार है। डॉक्टर इसका सबसे बड़ा कारण डायबिटीज को मानते हैं। देश में 8 करोड़ डायबिटीज के मरीज हैं। एक्सपर्ट का कहना है कि अगर हार्ट अटैक से बचना है तो डायबिटीज को कंट्रोल रखना होगा। डॉ.हंसराज कहते हैं कि लोगों को कम से कम 1 साल में एक बार बेसिक जांच कराते रहना चहिए।

# पिता को किडनैप कर बेटे से फिरौती मांगी

**बीकानेर,** (निसं)। यहां एक ट्रांसपोर्ट व्यवसायी के साथ अपहरण और फिरौती के मामले में बीछवाल पुलिस दो दिन बाद भी कोई कार्रवाई नहीं कर पाई है। पुलिस की टीमें अलग-अलग क्षेत्रों में छानबीन कर रही है लेकिन कोई बड़ा इनपुट पुलिस के हाथ नहीं लगा है।

बीछवाल थाना क्षेत्र में स्थित करणी इंडस्ट्रियल एरिया से एक ट्रांसपोर्ट कंपनी के मालिक रामरख जाट को तीन बदमाश जबरन उठाकर ले गए। रामरख की कनपटी पर पिस्तौल रखकर ये लोग जबरन एक वाहन में ले गए। बाद में रामरख के बेटे अनोपाराम को फोन करके कहा कि घर में जितना भी सोना और नगदी है, वो लेकर आएं। घबराकर बेटा सोने के गहने लेकर पहुंचा। बदमाश गाड़ी चलाकर उसे गांधी नगर के पास रजिस्ट्रार ऑफिस से गंगानगर चौराहे होकर उसे भीम नगर ले गए। जहां बेटे ने उसे सोने का बाजूबंद, गले की ठुसी, कानों के झुमके और अन्य गहनों की पोटली सौंप दी।

बदमाशों ने गहनों की पोटली लेने के बाद रामरख को कोलायत रोड पर छोड़ दिया। इस दौरान उसके बेटे अनोपाराम को वीडियो कॉल किया गया और वीडियो कॉल बंद नहीं करने की चेतावनी दी गई। अनोपाराम ने सावधानी से दूसरे कॉल से बात करके अपने चाचा केशुराम को सूचना दी। केशुराम ने पुलिस को सूचना दी। नाकेबंदी भी हुई लेकिन कुछ हाथ नहीं लगा। एसपी कावेंद्र सिंह सागर ने बताया- अब तक इस मामले में कोई इनपुट हाथ नहीं लगा है। मामले की गंभीरता से छानबीन की जा रही है। अलग-अलग टीम गठित करके सभी को अलग-अलग दिशाओं में काम करने के निर्देश दिए गए हैं।


# दो दोस्तों की नाडी में डूबने से मौत, परिवारों में मातम

**शाहपुरा/भीलवाड़ा,** (निसं)। जिला मुख्यालय स्थित केकड़ी सड़क मार्ग पर मॉडर्न स्कूल के सामने एक नाड़ी में सेल्फी खींचने के दौरान दो मित्र नाड़ी की दलदल में फस जाने से मौत हो गई।

जानकारी अनुसार मॉडल स्कूल के 9 वीं कक्षा के छात्र श्लोक जागेटिया व आईपीएस स्कूल के नवीं कक्षा के छात्र रुद्रप्रताप सिंह सौदा दोनों परम मित्र थे। दोनों मित्रों का साथ खेलना, कूदना, रहना पसंद करते थे। इनका राष्ट्रीय स्तर पर टीटी में चयन हुआ था, जिसको लेकर दोनों आज दोनों टीटी खेलने के लिए मॉडल स्कूल गए हुए थे।

दोनों मॉडल स्कूल के पास सामने पानी से भरी नाड़ी पर फोटो खींच रहे थे। इस दौरान पैर फिसल गया। जिससे दोनों दलदल में फंस गए और हादसा





मृतक दोनों दोस्तों के फाइल फोटो।

घटित हो गया। एक छात्र ने तुरंत भाग कर सड़क पर आकर लोगों से सहायता मांगने लगा।

देखते ही देखते लोग एकत्रित हो गए तथा दोनों को बाहर निकल लिया, दोनों को तुरंत जिला चिकित्सालय शाहपुरा पहुंचाया गया जहां उपचार के दौरान दोनों ने दम तोड़ दिया। इस दौरान पुलिस भी मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली।

# शेखावाटी में पारा गिरा

**चूरू,** (कासं)। शेखावाटी में पारे में लगातार गिरावट आने लगी है। मध्य रात्रि के बाद हल्की सर्दी महसूस होने लगी है। हालांकि पंखे आदि चलने बंद नहीं हुए हैं।

मौसम विभाग के अनुसार चूरू में आज अधिकतम तापमान 35.8 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान 15.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ है। पिछले दिवस की तुलना में आज यहां न्यूनतम तापमान 2.3 डिग्री सेल्सियस गिर गया है। हालांकि अधिकतम तापमान 0.4 डिग्री सेल्सियस बढ़ गया है। पिछले तीन दिन में न्यूनतम तापमान 2.8 डिग्री सेल्सियस गिर गया है। उधर किसानों ने बिरानी चने की बुवाई के लिए खेतों को तैयार कर लिया है। किसानों ने कहा कि बारिश होते ही बुवाई करेंगे, बिना बारिश के बिरानी चने की फसल होना सम्भव नहीं है।

# बॉर्डर पार करते पाकिस्तानी युवक को पकड़ा

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। श्रीकरणपुर के नग्गी इलाके में बीएसएफ ने एक पाकिस्तानी युवक को पकड़ा है। यह युवक पाकिस्तान से भारतीय सीमा में घुसने का प्रयास कर रहा था।

युवक जीरो लाइन क्रॉस करके भारतीय सीमा क्षेत्र में आ गया था, हालांकि उसने फेंसिंग क्रॉस नहीं की थी। बीएसएफ ने उसे ललकारा तो वह रुक गया। इस पर उसे पकड़ कर बीएसएफ पोस्ट पर लाया गया। यह युवक 1 नवंबर को पकड़ा गया था। बीएसएफ ने पूछताछ के बाद घटना की जानकारी पुलिस को दी। सोमवार को बीएसएफ और पुलिस, दोनों ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि युवक अभी अपने बारे में ज्यादा कुछ नहीं बता रहा है। हालांकि बीएसएफ ने अब तक युवक का कोई फोटो या वीडियो जारी नहीं किया है। बीएसएफ सूत्रों ने बताया कि शुरुआती तौर पर युवक अपने बारे में कुछ भी नहीं बता रहा है। उसने अपने नाम और वह पाकिस्तान में कहां का रहने वाला है, इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी है।


**पावरग्रिड रामगढ़ ट्रांसमिशन लिमिटेड**
**(पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड की 100% पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी)**
बी-9, कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया, कटवारिया सराय, नई दिल्ली-110 016

**सूचना**
(विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 18 की उपधारा (2) के तहत)

1. **पावरग्रिड रामगढ़ ट्रांसमिशन लिमिटेड,** कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत निगमित, जिसका पंजीकृत कार्यालय **बी-9, कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया, कटवारिया सराय, नई दिल्ली-110016** है, ने केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग नई दिल्ली के समक्ष पारेषण लाइनों, सब-स्टेशनों और अन्य संपत्तियों के संबंध में पारेषण लाइसेंस देने के लिए विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 18 की उप-धारा (2) के तहत एक आवेदन किया है, जिसका विवरण निम्नलिखित है:-
क. मौजूदा लाइसेंस का विवरण - 215/टीएल/2024
ख. जोड़ने या हटाए जाने वाले पारेषण तत्व का विवरण:

| क्र. सं. | पारेषण परिसंपत्तियों और स्थान का नाम | लाइन की लंबाई/क्षमता | अनुमानित समापन लागत | अनुसूची सीओडी (जोड़ने के मामले में) | टिप्पणियाँ |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | संबंधित ट्रांसफार्मर बे के साथ फतेहगढ़-III पीएस (सेक्शन-1 पर 5वीं आईसीटी) में ट्रांसफार्मर के साथ संवर्द्धन *1 नग 400 केवी (एआईएस) (संबंधित टाई बे सहित) और 1 नग 220 केवी (एआईएस) ट्रांसफार्मर बे | 500 एमवीए 400/220 केवी आईसीटी-1 नग 400 केवी आईसीटी बे (एआईएस) (संबंधित टाई बे सहित)-1 नग 220 केवी (एआईएस) आईसीटी बे - 1 नग | ₹ 58.18 करोड़ | सीटीयूआईएल द्वारा ओएम जारी होने की तारीख से 18 महीने यानी 26.04.2025 | विनियमित टैरिफ तंत्र के तहत लागू किया जाना है |

2. आयोग के समक्ष दायर पूरा आवेदन और अन्य दस्तावेज सभी की पहुंच के लिए पावरग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट **www.powergrid.in/subsidiaries** पर उपलब्ध हैं। आवेदन का निरीक्षण कंपनी के कार्यालय-द्वारा ईडी (टीबीसीबी), पावरग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, सौदामिनी, प्लॉट नंबर 2, सेक्टर-29, गुड़गांव 122001 में श्री एस. के. मिश्रा, परियोजना प्रभारी पावरग्रिड रामगढ़ ट्रांसमिशन लिमिटेड या आयोग द्वारा निर्दिष्ट प्रक्रिया के अनुसार आयोग के कार्यालय में भी किया जा सकता है।
3. आपत्तियां या सुझाव, यदि कोई हों, समाचार पत्र में नोटिस के प्रकाशन के 15 दिनों के भीतर आवेदक या उसके अधिकृत एजेंट को आपत्ति(ओं)/सुझाव(ओं) की एक प्रति के साथ सचिव, केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग, 6वीं, 7वीं और 8वीं मंजिल, टावर बी, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, नौरोजी नगर, नई दिल्ली-110029 के समक्ष दाखिल किए जाएं।

**स्थान:** जैसलमेर — परियोजना प्रभारी,
**दिनांक:** 05.11.2024 — पावरग्रिड रामगढ़ ट्रांसमिशन लिमिटेड

PG/CC/Notice-120 (TBCB)/Advt-154/24-25 Contad


# 3.39 लाख बालिकाओं को गार्गी और बालिका प्रोत्साहन पुरस्कार मिलेगा

**बीकानेर,** (निसं)। 10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत या इससे अधिक अंक हासिल करने वाली राज्य की 3.39 लाख बालिकाओं को गार्गी और बालिका प्रोत्साहन पुरस्कार से नवाजा जाएगा। बालिका शिक्षा फाउंडेशन ने पात्र बालिकाओं के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पिछले माह शुरू कर दी है। 17 दिन में करीब 30 फीसदी बालिकाओं ने शाला दर्पण पोर्टल पर पुरस्कार के लिए ऑनलाइन आवेदन किया है। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 30 नवंबर निर्धारित है।

- **70 प्रतिशत बाकी, 30 नवंबर तक नामांकन होंगे**

फिलहाल स्कूलों में मध्यावधि अवकाश की छुट्टियां चल रही है। इस कारण पिछले चार में आवेदन की संख्या काफी कम रही है। बालिका शिक्षा फाउंडेशन के आंकड़ों के मुताबिक 1.08 लाख बालिकाओं को गार्गी की प्रथम किस्त 3 हजार रुपए तथा 79007 बालिकाओं को द्वितीय किश्त के लिए चयनित किया गया है। वहीं बालिका प्रोत्साहन पुरस्कार में राज्य की 1.51 लाख बालिकाएं पात्र हैं। कुल 3.39 लाख बालिकाओं में से 17 दिन में 98989 बालिकाओं ने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराया है। शेष रही छात्राएं भी समय पर आवेदन करें। फाउंडेशन के अधिकारियों ने संबंधित जिलों के जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं।


**कार्यालय नगर निगम, उदयपुर**
टाउनहॉल लिंक रोड, उदयपुर (राज.) 313001
दुरभाष स. 0294-2421255, 2420013, Helpline no.0294-2426262 वेबसाइट- www-udaipurmc.org
क्रमांक : निविजा/2024-25/ई -23 दिनांक :- 04.11.2024
**(ई-भुगतान) बोली आमन्त्रण सूचना संख्या - ई 23/2024-25**
नगर निगम कार्यालय उदयपुर द्वारा विभिन्न विकास कार्यो हेतु कुल राशि रु0 166.49 लाख के कुल 12 कार्यो हेतु इच्छुक निविदादाताओं से निर्धारित निविदा प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया के तहत निविदा आमंत्रित की जाती है निविदा के कार्यो की प्रारम्भ तिथि 04.11.2024 एवं अंतिम तिथि 13.11.2024 तथा निविदा खुलने की तिथी 14.11.2024 रहेगी निविदा से संबंधित अन्य समस्त विवरण इंटरनेट साईट www.eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखे जा सकते है। UBN No. UNP2425WSOB00128
राज.संवाद/सी/24/7286 अधीक्षण अभियन्ता, नगर निगम, उदयपुर



**RAJASTHAN SAMWAD**
Department of Information and Public Relations, Government Secretariat, Jaipur-302005
(Telephone No. 0141- 2227325, E-mail id :- dipr.rajasthan@gmail.com, rajasthansamwad2002@gmail.com)
**NOTICE INVITING BIDS**
**NIB No. 145 Date : 04/11/2024**
Bids for **Providing Services of Live Streaming of State Government events with Multi Camera Setup** are invited from interested bidders up to 03:00 PM 22/11/2024. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (**http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in**) of the state; and **https://dipr.rajasthan.gov.in/**. The approximate value of the procurement is **Rs. 50 Lakh. (Rs. in Word Fifty Lakhs only). UBN : IPR2425SLRC00025**
**Raj.Samwad/C/24/7301** **Managing Director**



राजस्थान सरकार
**निदेशालय खान एवं भूविज्ञान विभाग, राजस्थान, उदयपुर**
क्रमांक-निदे/अ.ख.अ.नीलामी/निलामी (ML Bajri-XVI)/2024/ई-08940
**ई-नीलामी विज्ञप्ति**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान अप्रधान खनिज रियायत नियमावली, 2017 के अध्याय-III के तहत विभाग के अप्रधान खनिजों के खननपट्टों के आवंटन के लिए 22 प्लॉट ई-नीलामी के माध्यम से दिये जाने हेतु इलेक्ट्रोनिक प्लेटफार्म पर खुली बोली आमंत्रित की जाती है। संप्ति विवरण इस प्रकार है-

| क्र.सं. | जिला | ग्राम (तहसील) | खनिज | कुल प्लॉट |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ब्यावर | गुड़िया (रायपुर), जालिया-II (विजयनगर) | बजरी | 02 |
| 2 | राजसमन्द | मोही, अमलोई, फतेहनगर (राजसमन्द), बड़लिया, भूरवाडा, ओड़ा चौकड़ी, पीपली, अहिरान (कुवांरिया, रेलमगरा) | बजरी | 04 |
| 3 | टोंक | वशीपूरा, लाक, डोडवाड़ी, मूंडिया, मारोडा (पीपलू) | बजरी | 05 |
| 4 | जोधपुर (ग्रामीण) | चौढा, बेनण, जाटियावास, बुचकला, बांकलिया, जसपाली (पीपाड़ शहर) | बजरी | 04 |
| 5 | शाहपुरा | तरनियांखेड़ा, ओंडियाखेडा, जामोली, रामगढ, रावतोडा, रामपुरा (जहाजपुर) | बजरी | 04 |
| 6 | सिरोही | नया सानवाडा, कोटडा, वीरवाडा, उन्दरा, परलाई (पिण्डवाडा) | बजरी | 01 |
| 7 | बालोतरा | कनाना (पचपदरा) | बजरी | 01 |
| 8 | चित्तौडगढ़ | उमण्ड व करूकडा, हिंगवानिया, गुदंली (कपासन व भूपालसागर) | बजरी | 01 |
| | | कुल | | 22 |

विशेष नोट-
1 प्लॉटों का विस्तृत विवरण, अमानत राशि, बोली प्रस्तुत करने की तिथि व समय इत्यादि का विवरण-ई-ऑक्शन की शर्तें विभागीय वेबसाइट www.mines.rajasthan.gov.in एवं इलेक्ट्रोनिक प्लेटफार्म प्रदाता कंपनी MSTC Ltd की वेबसाइट www.mstcecommerce.com पर उपलब्ध हैं।
DIPR/C/10768/2024 (भगवती प्रसाद) IAS निदेशक


# अनीता चौधरी हत्याकांड : सरदारपुरा के बाजार बंद रहे

- **जाट युवा मंच ने पुलिस की जांच को नाकाफी बताते हुए सीबीआई जांच की मांग रखी है।**
- **हत्याकांड के मुख्य आरोपी गुलामुद्दीन फारूकी की पत्नी आबिदा परवीन ने संकेत दिए कि इस हत्याकांड में कुछ और लोग भी शामिल थे**
- **मुख्य आरोपी गुलामुद्दीन पुलिस की गिरफ्त से बाहर, अनीता चौधरी का शव अस्पताल की मोर्चरी में रखा है**

**जोधपुर,** (कासं)। अनीता चौधरी हत्याकांड में रोज नए खुलासे हो रहे हैं। हालांकि पुलिस इसकी पुष्टि नहीं कर रही है। हत्याकांड को लेकर सोमवार को जोधपुर सरदारपुरा व्यापारी संघ ने दोपहर एक बजे तक अपने प्रतिष्ठान स्वैच्छापूर्ण से बंद कर विरोध जाहिर किया। हत्या का आरोपी अब तक पुलिस के हाथ नहीं लगा है। जाट युवा मंच ने पुलिस की जांच को नाकाफी बताते हुए सीबीआई जांच की मांग रखी है। जारी प्रेस विज्ञिप्त में कई सवालों को उठाया गया है, जिसे पुलिस द्वारा अब तक स्पष्ट नहीं किया जा सका है। कई नामी गिरामी लोगों का हाथ होने की आशंका अब तक जताई जा रही है। शव आज भी अस्पताल की मोर्चरी में रखा रहा। व्यापारियों और जाट समाज ने आज सरदारपुरा गोल बिल्डिंग पर धरना दिया। सीबीआई जांच की मांग को लेकर राज्य सरकार के नाम ज्ञापन दिया गया है।

जानकारी के अनुसार रविवार को हत्याकांड के मुख्य आरोपी गुलामुद्दीन फारूकी की पत्नी आबिदा परवीन ने संकेत दिए कि इस हत्याकांड में कुछ और लोग भी शामिल थे। वह स्वयं बेकसूर है और घटना वाले दिन वह अपनी बहन के यहां थी। इधर पुलिस और मृतका के परिजनों के बीच अभी गतिरोध कायम है। अनीता के शव का अब तक निस्तारण नहीं हुआ है। मुख्य आरोपी गुलामुद्दीन पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। आरोपी की गिरफ्तारी के बाद ही शव का निस्तारण करने की बात समाज द्वारा कही गई है। सर्व समाज द्वारा सोमवार को इस हत्याकांड के खिलाफ गोल बिल्डिंग चौराहा पर धरना दिया गया। साथ ही सुबह नौ से दोपहर एक बजे तक सरदारपुरा बाजार बंद रखा गया।

**गुजरात महाराष्ट्र भागने की आशंका :-**अनीता हत्याकांड के करीब एक छह दिन हो चुके हैं। इसके बावजूद अभी तक मुख्य आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। सूत्रों का कहना है कि आरोपी गुलामुद्दीन राजस्थान से बाहर भाग गया है। आशंका जताई जा रही है कि आरोपी गुजरात या फिर महाराष्ट्र की ओर भागा होगा। वहीं आरोपी की तलाश में पुलिस की कई टीमें लगी हुई है।

**फुटेज आए सामने :-**आरोपी गुलामुद्दीन का 29 अक्टूबर का एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें वो अपनी एक्टिवा के साथ नजर आया। पुलिस को गुलामुद्दीन की एक्टिवा मिली है, जिससे एक मोबाइल फोन भी बरामद हुआ है। हालांकि बरामद फोन में कोई सिम नहीं था। फिलहाल पुलिस मोबाइल की पड़ताल कर रही है।

**अनिता का भी फुटेज मिला :-** अनीता का दुकान से निकल कर रिक्शे में बैठते हुए जाने का सीसीटीवी फुटेज सामने आया था। वह पीले सूट में हाथ में बैग लिए रिक्शे में बैठती नजर आ रही है। शव के पास बैग पुलिस को बरामद नहीं हुआ। वहीं गुलामुद्दीन का भी सीसीटवी फुटेज पुलिस के हाथ लगा है। इसमें वह एक्टिवा पर बैठकर जाता हुआ नजर आ रहा है। यहां एक दुकान से उसने बैग भी खरीदा था। पुलिस अनीता की हत्या के पीछे गहनों की लूट बता रही थी, लेकिन 27 अक्टूबर को जब अनीता अपने पार्लर से निकली तो वो कोई गहना नहीं पहनी थी।

वहीं अब घटना वाले दिन का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें अनीता समान्य सलवार सूट में पार्लर से निकली और ऑटो में बैठते नजर आई। ऐसे में अंदाजा लगाया जा रहा है कि जब उसने गहने पहने ही नहीं थे तो गुलामुद्दीन ने क्या लूटने के लिए उसकी हत्या की? क्या इस हत्या के पीछे और कुछ वजह है? हालांकि, पुलिस की ओर से इस मामले में फिलहाल तक कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आए हैं। केवल आरोपी गुलामुद्दीन को जल्द पकड़ की बात कही जा रही है। बरामद शव लाल लहंगे व अन्य कपड़ों में मिला था। जबकि गायब होने के दौरान मृतका ने सलवार सूट पहना था। उसके कपड़े बदले हुए थे। अनिता से दुष्कर्म की आशंका भी जताई गई है।


RIICO GROW WITH RAJASTHAN
राजस्थान सरकार का उपक्रम
बढ़ रहा प्रदेश बढ़ रहे उद्योग



**रीको के साथ लगाएं नये उद्योग**
सरल ई-नीलामी के माध्यम से
**आधारभूत सुविधाओं युक्त औद्योगिक क्षेत्रों में करें उद्यम की स्थापना**

| कुल भूखण्ड | औद्योगिक भूखण्ड | व्यावसायिक भूखण्ड | आवासीय | दुकानें |
|---|---|---|---|---|
| 172 | 146 | 02 | 10 | 14 |

**ईएमडी** — प्रारम्भ तिथि : 06 नवम्बर, 2024 (प्रातः 10:00 बजे); अंतिम तिथि : 20 नवम्बर, 2024 (सायं 06:00 बजे)
**ऑनलाईन बिड** — प्रारम्भ तिथि : 21 नवम्बर, 2024 (प्रातः 10:00 बजे); अंतिम तिथि : 25 नवम्बर, 2024 (सायं 05:00 बजे)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 07 अजमेर | 06 बालोतरा | 03 बांसवाड़ा | 09 भरतपुर | 19 भीलवाड़ा |
| 03 भिवाड़ी-I | 09 भिवाड़ी-II | 02 बीकानेर | 09 बोरानाड़ा | 03 चूरू |
| 08 जयपुर (उत्तर) | 08 जयपुर (ग्रामीण) | 09 जयपुर (दक्षिण) | 04 ईपीआईपी सीतापुरा (जयपुर) | 04 झालावाड़ |
| 03 जोधपुर | 06 कोटा | 10 किशनगढ़ | 18 मण्डोर | 13 पाली |
| 01 राजसमंद | 05 सवाईमाधोपुर | 02 सीकर | 08 श्रीगंगानगर | 03 घिलोठ |

*25% भुगतान के बाद, शेष 75% भुगतान 11 किस्तों में 8.5% ब्याज के साथ या 120 दिनों के भीतर ब्याज रहित भुगतान
या
टर्म लोन स्कीम के तहत भूमि की लागत का 75% तक का ऋण 5 साल की पुनर्भुगतान अवधि एवं 8.5% ब्याज के साथ*
*T&C Apply
सामान्य प्रश्नों के लिए स्कैन करें
Raj.samwad/C/24/7313
**राजस्थान स्टेट इण्डस्ट्रियल डवलपमेन्ट एण्ड इन्वेस्टमेन्ट कॉर्पोरेशन लिमिटेड**
उद्योग भवन, तिलक मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर-302005
ई-नीलामी हैल्पलाइन नं. 0141-4593250, 4593237, व्हाट्सएप: +91 9001306515, ई-मेल: riico@riico.co.in
ईएमडी विवरण, रजिस्ट्रेशन एवं भूखण्ड से सम्बंधित जानकारी के लिए देखें www.riico.co.in